

## एक नजर में

### ओवर चार्जिंग पर हुई कार्यवाही में 312 वेडर पकड़े

**इटारसी, 14 जुलाई** भोपाल मंडल में यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं किफायती खानपान सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विशेष अभियान अंतर्गत इटारसी, भोपाल और बीना में अनधिकृत वेंडिंग और ओवर चार्जिंग से 32 वेंडरों पर कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में में रेलवे स्टेशन, परिसरों एवं ट्रेनों में अनुशासनहीन, अनधिकृत एवं अव्यवस्थित खानपान गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अभियान के अंतर्गत वाणिज्य विभाग की टीम ने बिना अनुबंध स्टेशन परिसर में मौजूद अनधिकृत वेंडरों की पहचान, अनुबंधित स्टालों द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूली, जनता खाना की अनुपलब्धता, स्टाल की निर्धारित सीमा से आगे फैलाव कर यात्रियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करना, अनधिकृत गतिविधियां, स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में अवैध वेंडिंग, ट्रेनों में पैंट्री कार की निगरानी तथा बिना यूनिफॉर्म या आईडी कार्ड के गंदे कपड़ों में कार्यरत वेंडरों की पहचान शामिल हैं। भोपाल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर खानपान सेवाओं में अनियमितताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। इटारसी, भोपाल, बीना, विदिशा एवं हरदा स्टेशनों पर अनधिकृत विक्रेताओं, बिना वर्दी या पहचान पत्र के कार्यरत वेंडरों, अधिक मूल्य वसूली एवं गंदगी की शिकायतों पर कुल 69 मामलों में 24,980 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस व्यापक निरीक्षण के दौरान अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर इटारसी स्टेशन पर तीन और भोपाल स्टेशन पर एक खानपान स्टाल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा चेतावनी दी गई है कि अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वेंडर को बख्शा नहीं जाएगा। अब तक बीना स्टेशन से 09, भोपाल स्टेशन से 06 और इटारसी स्टेशन से 17 अनधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया.

### जिला चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति की बैठक कल

**नर्मदापुरम** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, रोगी कल्याण (कार्यकारिणी) समिति, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार रोगी कल्याण (कार्यकारिणी) समिति, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन दिनांक 16 जुलाई 2025 को दोपहर 12.00 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में किया जाएगा।

# मंदिरों में गूंजी बम बम भोले की गूंज

**सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगने लगी, सावन में हरे, सफेद और पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ**



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 14 जुलाई 2025** आज सावन का पहला सोमवार है, बाबा भोले के भक्तों के लिए यह मास उत्सव से कम नहीं होता है। आज सुबह से ही कांवडिये मंदिरों में उमड़ पड़े हैं और शिवलिंग का जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। सैंकड़ों कांवडियों ने आज भक्ति और उत्साह के साथ, भोले के भजनों पर झूमते हुए नर्मदापुरम से नर्मदा जल लाकर शिव का जलाभिषेक किया है। शिव के भक्त हर शिवालय विशेष पारंपरिक सजावट, धूप-दीप और मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव की पूजा-अर्चना में लीन हैं। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं, जहां हर कोई बम-बम भोले के स्वर में ऊर्जा भर रहा है।

भक्त नियमित रूप से रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण, जल-गेहूं व भांग चढ़ाते हुए शिवपूजा कर रहे हैं। शिव मंदिरों में भजन-कीर्तन ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है। पौराणिक विश्वास के अनुसार सावन के सोमवार को शिवपूजा विशेष पुण्य फलदायी मानी जाती है। सावन के महीने में, भक्त भगवान शिव की भक्ति में पूरी तरह से डूबे रहते हैं। इस दौरान, भक्त शिव मंदिरों में जाते हैं, व्रत रखते हैं, और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस महीने में भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-पाठ और अनुष्ठान करते हैं। सावन में शिव भक्त कई तरह से अपनी भक्ति प्रकट करते हैं, जैसे व्रत रखना, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, मंत्रों का जाप, शिवपुराण का पाठ, दान-पुण्य करना आदि के माध्यम से भक्त शिव को रिझाने की कोशिश करते हैं। सावन में हरे, सफेद और पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है, ये रंग भगवान शिव को प्रिय हैं। सावन का महीना भगवान शिव की भक्ति और आराधना के लिए एक विशेष समय है। इस महीने में भक्त अपनी-अपनी श्रद्धा और भक्ति के अनुसार भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### शिवालयों में भक्तों का लगा मेला, ऊं नम: शिवाय के मंत्र से गूंजे शिवालय

**सिवनी मालवा 14 जुलाई 2025,** सिवनी मालवा में श्रावण मास लगते ही नगर में जगह जगह धार्मिक आयोजन किये जा रहे है। शिवालयों में प्रतिदिन दर्शन करने महिला पुरुष भक्तों की भीड उमड रही है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में शिव पूजन, शिव अभिषेक, शिवलिंग निर्माण कर पूजन, अनुष्ठान, रूद्राभिषेक, भजन, कीर्तन, सुन्दर काण्ड, रामायण पाठ, श्रीमद्भागवत कथा, रामसत्ता आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिवनी मालवा में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का मेला लगा रहा। बम बम भोले के जयकारों और नम: शिवाय के मंत्र गूंजते रहे। भगवान भोलेनाथ को मनाने भक्तों ने तरह तरह के जतन किये जा रहे है। शिव मंदिरों में सोमवार को शिव की विशेष पूजन की गई वहीं घरों में शिवलिंग वनाकर पूजन अभिषेक महाआरती कर प्रसाद वितरण किया। सोमवार को मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया गया और भक्तों को शिवलिंगों के मनमोहक दर्शन हुए। शिवालयों में शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ शिवजी को जल चढ़ाया। बिल्वपत्र धतूरा, पुष्प, दूवा के साथ ही नैवेध अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। श्रावण मास में सभी मंदिर एवं घरों में शिवभक्तों के द्वारा मिट्टी एवं रेत के शिवलिंग वनाकर अभिषेक किया जा रहा है। भक्तों का मानना है कि श्रावण मास महत्वपूर्ण होता है इसलिए समस्त शिव भक्तों के द्वारा धिव पूज अभिषेक भजन कीर्तन किया जा रहा है। प्रथम श्रावण सोमवार को प्राचीन श्रीगणेश शंकर मंदिर में पण्डित वीरेंद्र मोहन जोशी ने भगवान गणेश शिव का विषेश श्रृंगार किया और पूजा अर्चन कर प्रसादी वितरण की। यहां भक्तों की खासी भीड लगी रही। भक्तों ने स्थापित शिव लिंग के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।। सुबह से महिलाओं की भारी भीड लगी रही। भक्तों ने जल अर्पित किया और शिवजी का अभिषेक पूजन कर आरती उतारी। इसी प्रकार बानापुरा महेश कॉलोनी में पंडित विद्याधर शर्मा द्वारा विधिविधान से शिव अभिषेक कर पूजन आरती पश्चात प्रसादी वितरण किया। भगवान भोलेनाथ के भक्त मोहब्बत सिंह यदुवंशी, लखनलाल राजपूत, विनोद मालवीय ने बताया की भगवान भोलेनाथ के प्रति मेरी आस्था बचपन से ही है मैने जब से होश सम्हाला तभी से में अपनी माताजी के साथ मिट्टी से शिवलिंग बनाकर उनका आभिषेक पूजन एवं श्रृंगार किया जाता था उनके आशीर्वाद से हम बहुत सुखी है। श्रावण मास में प्रतिदिन पंडित विद्याधर शर्मा के नेतृत्व में सामूहिक रूप से अभिषेक पूजन किया और भगवान भोलेनाथ शिवजी के भजन कर भगवान शिवजी को मनाया जा रहा है। भोलेनाथ के भक्तों ने बताया की सोमवार बाजार का दिन होने के कारण ग्रामीण अंचलों से गामीणों ने नगर के प्राचीन शिव मंदिरों में भगवान शिव शंकर और मन्दिर में विराजे नंदी एवं नागदेवता की पूजन कर नंदी के काल पर सिर रखकर दर्शन किए और अपनी बात कहकर शिव जी मनाने की नन्दी से प्रार्थना की। सिवनी मालवा की बलराम पटेल कॉलोनी में नमामि पाराशर निवास पर पंडित अरुण शर्मा के द्वारा मिट्टी के शिवलिंग एवं शिव परिवार का दुग्धाभिषेक, पंचामृताभिषेक पूरे विधि विधान से संपन्न कराया। अभिषेक उपरांत भगवान भोले नाथ एवं शिव परिवार का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं ने शिव भजनों को सुनाया। मनोहारी भजनों के साथ शिव भक्ति का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो रात तक चलता रहा। इस अवसर पर कृष्णा सोनी, रानी वर्मा, कीर्ति यादव, विनीता रघुवंशी आदि महिलाओं ने भगवान शिव शंकर का सामूहिक रूप से अभिषेक पूजन भजन किया.

# दुकानों की गिर रही छतों का शीघ्र होगा जीर्णोद्धार -डॉ शर्मा



कल की दुर्घटना के बाद आज विधायक जी के साथ निरीक्षण किया है। कल से ही इस कार्य में एक्शन होगा.

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 14 जुलाई** मुख्य बाजार की नगरपालिका की दुकानों की हालत जर्जर होते जा रही है. इसी को देखते हुए पहले भी कई घटनाएं घट चुकी हैं. इसी को देखते हुए मार्केट की जर्जर हालत का निरीक्षण करने आज विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पहुंचे और उन्होंने बाजारों की अन्य दुकानों की भी गंभीर स्थिति को सुधारने के लिये समस्त व्यापारियों को आश्वासन दिया. मौके पर ही पत्रकारों से चर्चा में विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि कल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, अब ऐसी घटना न हो, इसके लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं, मार्केट जर्जर हाल में है, न सिर्फ दुकानदार बल्कि राहगीर और ग्राहकों के लिए भी खतरनाक है, बातचीत की जा रही है, नया मार्केट बनायेंगे, तब तक दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। छह माह में नयी दुकानें बनेंगी, जो जहां है उनको वहीं दुकान दी जाएगी, रविशंकर शुक्ल मार्केट भी जर्जर है, वहां के व्यापारियों से भी आगामी समय में चर्चा करके उस पर भी निर्णय करके सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि कल की दुर्घटना के बाद आज विधायक जी के साथ निरीक्षण किया है। व्यापारियों से चर्चा की जा रही है, सकारात्मक परिणाम आएंगे, कल से ही एक्शन होगा, अन्य जर्जर भवनों पर भी काम करेंगे, इसे पायलट प्रोजेक्ट में लेकर व्यापारियों के समक्ष रखा जाएगा। यहां के व्यापारियों को वैकल्पिक व्यवस्था दे रहे हैं।

# पुलिस ने बेरहमी से किया लाठी चार्ज - सिंह

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 14 जुलाई** शहर में 12 एवं 13 जुलाई को हुए करणी सेना एवं सर्व समाज के आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग एवं लाठी चार्ज के बाद राजपूत समाज में रोष है,सोमवार को पूर्व मुख्य मंत्री दिग्विजय सिंह ने हरदा आकर सामाजिकजनों से चर्चा की।इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा बेरहमी से किया गया लाठी चार्ज,सामाजिक भवन एवं लोगों के वाहनों की क्षति पहुंचाने का कार्य निंदनीय है,हम इस घटना क्रम की न्यायिक जांच की मांग करते है।इस दौरान नर्मदापुरम संभागीय राजपूत परिषद एवं



जिला राजपूत परिषद द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर हरदा स्थित राजपूत समाज के सामाजिक भवन में पुलिस द्वारा अवैध रूप से घुसकर लाठी चार्ज करने की निंदा की है । पुलिस के इस रवैये पर पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस से बातचीत के दौरान पीड़ित पक्ष एवं सुनील सिंह राजपूत पर लाठी चार्ज कर जेल भेज दिया गया । इसके बाद शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान सुनील सिंह राजपूत एवं उसके साथियों को रिहा करने एवं पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की गई।

# बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 14 जुलाई** सोमवार को हरदा के गुर्जर छात्रावास सभागृह में विधायक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने के संरक्षण में कौशल एवं श्री विकास समिति के सहयोग से किया गया। जिसमे कक्षा 12वीं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सैकड़ों विद्यार्थी उनके परिजनों व शिक्षकों के साथ सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम में केरियर मार्गदर्शन बना समारोह की खास पहचान, कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भविष्य की दिशा देने के लिए भोपाल, खंडवा और इंदौर से आमंत्रित केरियर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# कुराश खेल में सेमेरिटंस के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 14 जुलाई** दतिया में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर कुराश खेल प्रतियोगिता में समेरिटंस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 11 पदक जीतकर मध्य प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा समूह में वंदिता राव स्वर्ण पदक, जिशा गुप्ता ने स्वर्ण पदक, आराध्या चंद्रवंशी स्वर्ण पदक, अर्नवी मिश्रा स्वर्ण पदक, पूर्वी यादव रजत पदक, लक्ष्य राठौर रजत पदक, तनिष्का यादव कांस्य पदक, नव्या सगवालिया ने कांस्य पदक, शांतनु कावड़कर कांस्य पदक अर्जित किया। कनिष्का चोरे , वैभव, शिवांश मालवीय ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता जम्मू कश्मीर मे आयोजित राष्ट्रीय कुराश खेल प्रतियोगिता में हिस्सा



लेंगे प्रशिक्षण कुमारी वैशाली तिवारी के नेतृत्व में खिलाड़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के कुराश खेल सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय 3 स्टार रेफरी राहुल व्यास, विद्यालय के संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खंपारिया , राजेंद्र रघुवंशी, विक्रांत खंपारिया कोच वैशाली तिवारी हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ी को शुभकामना दी।

### वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**हरदा** तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी टिमरनी ने नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर टिमरनी में रेल्वे क्रासिंग क्रमांक 208 पर रेल्वे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिये छिदगांव मेल से टिमरनी नगर श्री कृष्ण मेडिकल वाले मकान से आगे बस स्टेण्ड स्थान तक वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश अनुसार छिदगांव मेल से आने वाले वाहन छिदगांव मेल टिमरनी सड़क तथा हीरो शोरूम से श्रीकृष्ण मेडिकल वाले मकान के सामने से कुशवाह कॉलोनी नहर की सीमा से होते हुए तवा कॉलोनी के पीछे से मुख्य सड़क टिमरनी सोडलपुर पुराना एनएच पर आयेंगे। इसी प्रकार टिमरनी में जाने वाले वाहन डायवर्ट होकर आवागमन करेंगे।

# डेम के लिये ली जमीन, प्रशासन नहीं दे रहा मुआवजा

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 14 जुलाई 2025** नर्मदापुरम ज़िला मुख्यालय में आने वाली हाई प्रोफाइल इटारसी तहसील के अंतर्गत आने वाले केसला विकासखंड जो की जनजाति बाहुल्य,आदिवासी क्षेत्र कहलाता है,जहां से ज़िला प्रशासन पूरे प्रदेश में सुर्खियों में रहता है,जिस क्षेत्र में पैसा एक्ट कानून लागू है,जिसे आदिवासी समाज के उद्धार के लिए बनाया गया ऐसा बताया जाता है।इन जनजाति (आदिवासी)समाज और पिछड़े वर्ग के ग्रामीणों की हमेशा अनदेखी की जाती है।ऐसा ही मामला केसला विकासखंड के चांदकिया ग्राम का सामने आया,जहां के किसान अपनी ही जमीन के मुआवज़े को मांगने कलेक्टर नर्मदापुरम से गुहार लगा रहे हैं।हाल यह है कि अब उन



किसानों के जीवन यापन के लाले पड़ रहे हैं।मामला चांदकिया ग्राम में बन रहे पानी के डेम का है,जो करोड़ों की लागत से बनाया जाना है।जिसमें लगभग 74 किसानो की ज़मीन को प्रशासन ने अधिग्रहण कर लिया है।किसानों से कागजात पर हस्ताक्षर और अंगूठा लगवा कर सहमति भी ले ली गई है,लेकिन उन गरीब किसानों की जमीन का मुआवजा आज दिनांक तक नहीं दिया गया है।बेबस किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाधीश सोनिया मीना से जनसुनवाई तक में गुहार लगाई है,लेकिन अभी तक प्रशासन की आंखों में उनकी परेशानी नजर नहीं आई,ना ही उनकी बात उनके कानों तक पहुंची है।जबकि प्रदेश के मुखिया खुद मंचों से गरीब किसान के कल्याण की बातों पर जोर देते हैं,इसके बावजूद उन्हीं का प्रशासन उनकी बातों का मखौल उड़ा रहा है।समाजवादी जन परिषद के नेता फ़ागराम और कपिल खंडेरवार ने बताया कि गरीब किसान परेशान हैं और कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के सामने निवेदन कर चुके हैं,लेकिन अभी तक प्रशासन ने इनको मुआवजा नहीं दिया है।अगर जल्द इनकी सुनवाई नहीं होगी तो हम सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। ऐसा पहली बार देखने में आया है कि किसान की जमीन लेकर उस पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है,लेकिन उनको उन्हीं की जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।सरपंच सरवन कास्दे ने बताया कि लोगों की ज़मीन चली गई है, उन लोगों ने खेती नहीं की है, अब उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है,कि वह कैसे जीवन यापन करें। हमने कलेक्टर को एक नहीं तीन-तीन बार अवगत करवाया.


